दिनांक :09.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

रक्षा मंत्री बैठक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, श्री सिंह के साथ सेना के शीर्ष अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना चीफ एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह शामिल थे। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर हुई, जहां बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का सीधा जवाब था।

रक्षा-मीडिया सलाह

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है। रक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी और सूत्र आधारित सूचना अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है।

मंत्रालय ने कारगिल युद्ध, 2008 मुम्बई आतंकी हमला और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए समय पूर्व रिपोर्टिंग के जोखिमों का हवाला दिया। केबल टेलीविजन नेटवर्क संशोधन नियम, 2021 के अनुसार, आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान केवल नामित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर ब्रीफिंग की अनुमति है। रक्षा मंत्रालय ने सभी हितधारकों से राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतने का आग्रह किया है।

नदी परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की मौजूदगी में कल 10 मई को भोपाल में "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज" परियोजना का एमओयू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद अब मध्यप्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना" पर कार्य होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। इसके जरिए महाऱाष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हैक्टेयर भूमि उपयोग में लायी जाएगी। इस परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तर क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के हिस्से को पर्याप्त जल उपलब्ध कराएंगे। साथ ही नागपुर जैसे बड़े शहर में पीने के पानी की समस्या और छिंदवाड़ा जिले में भी सिंचाई जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित होगी। परियोजना में कोई गांव प्रभावित नहीं, जिससे पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी।

अभिषेक कटियार, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

खेलो इंडिया यूथ गेम्स

खेलो इंडिया यूथ गेम्स- 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने गुरूवार को भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 4 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल हैं। अब तक प्रदेश के खिलाड़ी कुल 18 पदक जिसमें 9

स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य अर्जित कर चुके हैं, जिससे मध्यप्रदेश ने मैडल टैली में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है।

यूथ गेम्स का आयोजन 15 मई तक बिहार के विभिन्न शहरों - पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और नई दिल्ली में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का 229 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।

बीसीसीआई-आईपीएल

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने IPL स्थगित करने का फैसला किया है। लीग स्टेज के बचे हुए 12 मैच अभी नहीं कराए जाएंगे। पहले आईपीएल का फाइनल मुकाबला 25 मई को होना था। अब माना जा रहा है कि देश में शांति व्यवस्था स्थापित होने के बाद ही IPL के बाकी मैचों को कराने पर फैसला लिया जाएगा। इससे पहले कल रात हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को भी बीच में रोक दिया गया था।

संक्षिप्त समाचार

1-केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल रात शिवपुरी पहुंचे। हालांकि मौजूदा हालात को देखते हुए अपने संसदीय क्षेत्र का चार दिवसीय दौरा अचानक निरस्त कर दिया।

2- नर्मदापुरम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आज प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

3-आगरमालवा जिले के न्यायालयों में भी कल आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विद्युत विभाग के सहयोग से छह वाहनों द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

4- विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में कल जबलपुर के वृद्धाश्रम बाजनामठ में रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

नमस्कार